## केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

**सहायक कार्यपालक अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं सहायक निदेशक (उद्यान)**

**के लिए**

**विभागीय परीक्षा (बिना पुस्तकों के)**

लेखा 3

**जुलाई 2018**

| | |
|---|---|
| समयः 3 घण्टे | अधिकतम अंकः100 |

सभी 10 प्रश्नो के उत्तर दें। विकल्पों को आंतरिक रूप सें प्रश्नों में ही प्रदान किया गया हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक कोष्ठक में प्रश्नों के साथ दर्शाए गए हैं।

किसी अन्य प्रश्नो का उत्तर देने से पहले एक प्रश्न के सभी भागों का एक स्थान पर उत्तर दे। किसी भी प्रश्न के उन्ही भागो का मूल्यांकन किया जाएगा, जिनका सर्वप्रथम एक स्थान पर उत्तर दिया गया हो।

प्रश्नो के उत्तर किसी भी क्रम में दिए जा सकते हैं।

संकेताक्षर, जहाँ कही भी इस्तेमाल किये गए हों, उनके सामान्य अर्थ हैं।

**प्रश्नः1** बहुविकल्पीय प्रश्नः– उम्मीदवार केवल प्रश्न और भाग संख्या एवं अपना उत्तर उत्तर–पुस्तिका में लिखें।

i) वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियम 1978 के अनुसार के.लो.नि.वि. में किस न्यूनतम स्तर के इंजीनियरिंग अधिकारी को विभाग के प्रमुख के रूप में नामित किया गया है?

ii) के.लो.नि.वि. में सहायक कार्यपालक अभियन्ता का वेतन मैट्रिक्स स्तर (5400/– रूपये के पूर्ववर्ती ग्रेड वेतन के समानांतर) क्या हैं? $7^{th}$ CPC के 1 से 18 के स्तर को इंगित करें।

iii) विभाग प्रमुख द्वारा निर्णयन अनुसार, उचित स्तर के तीन सदस्यों के विधिवत गठित स्थानीय खरीद समिति की सिफारिशों पर माल/सामग्री की खरीद (प्रत्येक अवसर पर) की वित्तीय ऊपरी सीमा क्या है?

iv) प्रारंभिक अनुमानों पर लगाए गए/ लोड किए जाने वाले ईपीएफ शुल्क काम के कुल अनुमानित मूल्य के श्रम घटक का _____% है। कृपया रिक्त स्थान भरें।

v) व्यापक रखरखाव और विकास कार्यों के समग्र निविदाओं के मामले में जो मुख्य रूप से बागवानी प्रकृति के हैं और बागवानी घटक कुल अनुमानित लागत का 50% से अधिक है, लेकिन _______ लाख रूपये से अधिक नहीं है, निविदाएं केवल उचित वर्ग के योग्य सूचीबद्ध बागवानी ठेकेदारों से ही बुलाई जा सकती हैं। कृपया रिक्त स्थान भरें।

vi) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (के.लो.नि.वि.) के निर्माण नियमावली 2014 के पैरा 2.7 के नवीनतम संशोधन के अनुसार पूर्वनिवेश गतिविधियों (DPR की तैयारी इत्यादि) के लिए कार्यपालक अभियन्ता द्वारा खर्च के अनुमोदन की वित्तीय सीमा क्या हैं?

vii) के.लो.नि.वि. में मुख्य परियोजना प्रबंधक (सीपीएम) द्वारा स्वीकार किया जा सकने वाले न्यूनतम निविदा (एल–1) की अधिकतम राशि क्या है?

viii) एक मूल भवन के काम में यदि एक अस्थायी समापन प्रमाणपत्र दर्ज किया गया है, क्योंकि काम काफी हद तक पूरा हो गया है और इमारम के उद्देश्य को पूरा कर सकता है तो उसकी निष्पादन गारंटी का कितना प्रतिशत रिलीज़ किया जा सकता है ?

ix) कृपया वह मेजर हेड बताएँ जिसमें केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ग्राहक (Client) से प्राप्त जमा राशि (Deposit Amount) रखा जाता है। केवल चार संख्यात्मक अंक लिखे।

x) यदि बागवानी के काम की लागत ________ लाख रुपये से अधिक है, बागवानी कार्यों का निरिक्षण और इससे कार्यों के लिए समापन प्रमाण पत्र जारी करना, बागवानी के निदेशक द्वारा किया जाना है कृपया रिक्त स्थान भरें।

xi) आपने शहर के भीतर कार्यालय के फर्नीचर को ढोने के लिए पिक–अप ट्रक को किराए पर लिया है। के.लो.नि.वि. प्रणाली के खातों में, आप जिस राशि का भुगतान ट्रक मालिक को करेंगे, उसके लिए भुगतान की रसीद किस प्रपत्र में लेनी होगी?

xii) अनुबंध की सामान्य शर्तों (GCC) का कौनसा खंड (Clause) समय पूर्व समापन के लिए प्रोत्साहिन से संबंधित हैं?

xiii) के.लो.नि.वि. में कौन से स्तर का अधिकारी इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (Engineering Procurement and Construction) (ईपीसी) अनुबंधों के लिए नीति तैयार करने के लिए सक्षम हैं ?

xiv) रु 8 करोड़ के अधिक के कार्य के लिए एनआईटी में समान कार्य की परिभाषा को __________ द्वारा अनुमोदित किया जाना है। कृपया रिक्त स्थान भरें।

xv) के.लो.नि.वि. में, यदि एक अधिकारी ''ए'' के तहत काम कर रहे किसी अधिकारी को दूसरे कार्यालय में स्थानांतरिक कर दिया जाता है जहाँ उसका नियंत्रण अधिकारी ''बी'' है और उसे अधिकारी ''ए'' के कार्यालय से पदमुक्त किया जाता है, तो उसका मानदंड नियंत्रण अधिकारी (Deemed Controlling Officer) कौन है–''ए'' या ''बी'' ?

xvi) जीसीसी 2014 के खंड 10 सी सी के तहत भुगतान के मामले में, पिछली तिमाही में किए गए काम {प्लस नेट सिक्योर्ड अग्रिम + नेट एडवांस पेमेंट} का एक निश्चित अंश भुगतान के लिए माना जाता हैं।

यह अंश कितना होता है?

[एन ="?"एम] कृपया "?" बताएँ।

xvii) दक्षिणी क्षेत्र में खंड 10 सी ए भुगतान के लिए सूचकांक किस अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता हैं ?

xviii) के.लो.नि.वि. के जीसीसी 2014 का कौन सा खंड यह सुनिश्चित करता हैं कि अनुबंध में उल्लिखित विनिदेशों के अनुसार कार्य किया जाए?

xix) सरकारी भवन के विध्वंस और बिक्री से संबंधित पत्राचार को कब तक संरक्षित किया जाना चाहिए ?

xx) के.लो.नि.वि. के जीसीसी 2014 की धारा 40 के अनुसार एक ठेकेदार, जिसका निकट रिश्तेदार के.लो.नि.वि. में मुख्य अभियन्ता के रुप में कार्य कर रहा है, क्या उस ठेकेदार को उसी अंचल में कार्यों के लिए निविदा करने की अनुमति है, जहाँ उसका उपरोक्त रिश्तेदार कार्य कर रहा है ? कृपया हाँ या ना इंगित करें।

**[20 x प्रत्येक 1 अंक = 20 अंक]**

**प्रश्न:2** के.लो.नि.वि. में वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के संदर्भ में, निम्नलिखित को स्वीकार करने के लिए सक्षम स्तर बताएँ **(पाँच भागों का उत्तर दें)**:

i) एक सरकारी वाहन जिसकी किमत रु 5 लाख है, बेकार हो गया है। उसे अधिशेष या अनुपयोज्य घोषित करने के आदेश जारी करने के लिए कौन सक्षम हैं ?

ii) एक विशुद्ध रूप से अस्थायी संरचना, जिसने उस उद्देश्य को पूर्ण कर लिया है, जिस के लिए इसे बनाया गया था और जिसकी निर्माण की कीमत रू 35 लाख रूपये थी, विघटित/ध्वस्त कर भूमि के बिना बेची जानी है। आरक्षित मूल्य तय करने के लिए कौन सक्षम हैं?

iii) उचित प्रक्रिया के बाद एक मध्यस्थ (Arbitrator) ने ठेकेदार को रू 4 करोड़ का अधिनिर्णय (Award) दिया हैं। के.लो.नि.वि. में किस स्तर का अधिकारी इस अधिनिर्णय को स्वीकार करने के लिए सक्षम है? क्या उसे किसी भी अन्य प्राधिकारी से परामर्श करने कि आवश्यकता है?

iv) एनएबीएल (NABL) अथवा आईएसओ/आईईसी 17011 के अनुसार संचालित एव आईएसओ/आईईसी 17025 के अनुसार प्रयोगशालाओं का प्रत्यायन (accreditation) करने वाली अन्य समान सरकारी संस्था के द्वारा प्रत्यायित निजी प्रयोगशालाओं की मंजूरी।

v) रू 50,000/– के सामान को चोरी और/या लापरवाही के कारण बट्टे खाते डालना (write off) ।

vi) ऐसे कार्य में जहाँ टीएस राशि रू 95 लाख है, अनुबंध मूल्य 105 लाख है, अनुबंध की अवधि 100 दिन है और वास्तविक देरी 20 दिन है– किस स्तर का अधिकारी समय का विस्तार देने और मील के पत्थर को बदलने के लिए सक्षम है यदि न्यायोचित देरी (justified delay) 30 दिन हैं।

**[5 x प्रत्येक 3 अंक = 15 अंक]**

**प्रश्न:** 3 निम्नलिखित **(किसी भी पाँच)** पर लघु टिप्पणी लिखिए।

i) के.लो.नि.वि. में ई–माप पुस्तक (E- Measurement Book) के कार्यान्वयन में मुश्किलें।

ii) सरकारी संविदाओं की आवश्यकताएँ (Requirements)।

iii) के.लो.नि.वि. की संविदाओं में प्रत्यक्ष माईलस्टोन (Physical Milestone) निर्धारित करने के मार्गदर्शी सिद्धांत।

iv) के.लो.नि.वि. के जीसीसी 2014 में प्रोत्साहन मद (Clause- 2A) के प्रावधान।

v) के.लो.नि.वि. के संविदाओं में त्रुटिओं का दायित्व (Defect Liability)।

vi) कृपया स्थायी इम्प्रेस्ट एवं अस्थाई अग्रिम (Temporary Advance) में अन्तर स्पष्ट करें।

vii) कृपया अत्यावश्यक (urgent) कार्य एवं आकस्मिक (emergent) कार्य में अन्तर स्पष्ट करें।

[5 x **प्रत्येक** 5 **अंक** = 25 **अंक**]

**प्रश्नः– 4** निम्नलिखित पर विस्तार से चर्चा करें **(कोई भी तीन)**?

i) वित्त मंत्रालय द्वारा लाया गया "कंसल्टेंसी और अन्य सेवाओं की खरीद के लिए मैनुअल 2017" और डीजी/मैन/365 दिनांक 20–02–2018 के माध्यम से के.लो.नि.वि. वर्क्स मैनुअल का हिस्सा बनाया गया ।

ii) के.लो.नि.वि. श्रमिक विनियम– श्रमिको को मजदूरी भुगतान संबंधी विनियम।

iii) के.लो.नि.वि. के जी.सी.सी. 2014 के धारा संख्या 13 के तहत कार्रवाई।

iv) के.लो.नि.वि. के उद्यान धारा में प्रशिक्षण के अवसर।

[3 x **प्रत्येक** 10 **अंक** = 30 **अंक**]

**प्रश्नः– 5** भवन निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद (बीएमटीपीसी) भवन निर्माण के क्षेत्र में कुछ उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ आई है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने अपने आदेश संख्या 28012/7/2016–डब्ल्यू–3 दिनांक 20–03–2018 के द्वारा बीएमटीपीसी प्रौद्योगिकी को के.लो.नि.वि. के सभी मूल्यों और सभी स्थानों के कार्यों के लिए अनिवार्य बना दिया है, जिनसे छूट केवल महानिदेशक, के.लो.नि.वि. द्वारा दी जा सकती है। यह कदम के.लो.नि.वि. द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता और मात्रा को कैसे प्रभावित कर रहा/कर सकता हैं?

**अथवा**

क्या आपको लगता है कि के.लो.नि.वि. मुख्य रूप से भवन निर्माण विभाग होना चाहिए? के.लो.नि.वि. द्वारा कार्यों के लिए नए क्षेत्रों में विविधीकरण की संभावना पर टिप्पणी करें, जिसमें डोमेन क्षमता, के.लो.नि.वि. में प्रचलित प्रणाली तथा नए डोमेन, कार्य संस्कृति और प्रशिक्षण के लिए उनकी अनुकूलता पर कृपया विशेष जारे दें।

[1 x **प्रत्येक** 10 **अंक** = 10 **अंक**]